डीपीएस में दो दिवसीय नेशनल इंटर डीपीएस गर्ल्स एथलीट मीट 2018 का शुभारंभ

2 नवंबर। ग्रेटर नोएडा।दिल्ली पब्लिक स्कूल में दो दिवसीय नेशनल इंटर डीपीएस गर्ल्स एथलीट मीट 2018 का भव्य रंगारंग कार्यक्रम के साथ का शुभारंभ हुआ । इस प्रतियोगिता में पूरे भारत से 30 टीमों के लगभग 200 अंडर 19 आयु वर्ग की बालिकाओं ने भाग लिया | समारोह में मुख्य अतिथि डी पी एस सोसाइटी के अध्यक्ष श्री वी. के. शुंगलू ने प्रतिभागियों को प्रतिज्ञा दिलवाई और कहा कि इस एथलीट मीट का उद्देश्य बालिकाओं में आत्मसम्मान और विश्वास का भाव उत्पन्न करना है।
विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती रेणु चतुर्वेदी जी ने सभी टीम के प्रतिनिधियों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि सुरक्षा के संवेदनशील माहौल में छात्राओं को बढ़चढ़ कर भाग लेना खेलभावना के प्रति उनके प्रेम व उत्साह को दर्शाता है । उनका कहना था कि खेल का उद्देश्य केवल जीत नहीं अपितु परस्पर मेल-जोल को बढ़ाना और सद्भाव की भावना का विकास करना भी है । उन्होंने उपस्थित सभी अतिथियों का हार्दिक अभिनन्दन किया ।

इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन, प्रो बी पी खंडेलवाल जी ने कहा कि खेलकूद एवं योग स्वस्थ जीवन की आधारशिला हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों का उद्देश्य बालिकाओं के अंदर आत्मविश्वास बढ़ाकर नारी सशक्तिकरण को एक दृढ़ आधार प्रदान करना है।

आज के समारोह में डायरेक्टर, डी पी एस एस, कन्वेनर ऑफ़ थे इवेंट, डॉ. डी आर सैनी, सदस्य डी पी एस एस श्रीमती नमिता प्रधान, अर्जुन पुरुष्कार से सम्मानित सुश्री. श्रेयसी सिंह, प्रधानाचार्य डी पी एस बुलंदशहर, श्री अनुपम जग्गा, पेरेंट रिप्रेजेन्टेटिव श्री मोहित मोहन जौहरी, पेरेंट रिप्रेजेन्टेटिव श्रीमती अल्पना भंसाली, पेरेंट रिप्रेजेन्टेटिव श्रीमती सपना गुजराल, श्रीमती स्वाति धर गुप्ता, डॉ. दीपाली अथैया आदि गणमान्य अतिथि उपस्थित थे।